आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक-220 ● कटनी ● रविवार, 12 सितम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष -6 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935




नौकरीपेशा लोगों के लिए श्ववक्क्षह ने राहत की खबर दी है। अब EPF खाताधारक 31 दिसंबर तक अपनाृ ह आधार के साथ लिंक कर सकेंगे। पहले यह सीमा 1 सितंबर तक थी।



# ऐसा सम्मान किसी ने नहीं दिया

## पीएम मोदी से बात कर भावुक हुए पैरालंपिक खिलाड़ियों ने कहा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में 9 सितंबर को भ्रातीय पैरा एथलीटों से अपने आवास पर मुलाकात की थी। इस दौरान खिलाड़ियों ने पीएम मोदी से अपने अनुभव साझा किए। इसी महीने सपन्न हुए टोक्यो पैरालंपिक में भारतीय एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रचा था। खेलों के इस महाकुंभ में भारत के पैरा एथलीटों ने 19 पदक जीते थे जिनमें पांच गोल्ड मेडल थे। प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान बातचीत करते हुए कई खिलाड़ी भावुक हो गए। इन एथलीटों ने कहा कि आज तक ऐसा सम्मान किसी ने नहीं दिया। भारतीय पैराएथलीटों से अपनी इस मुलाकात के बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 सितंबर को ट्वीट कर कहा, कल 12 सितंबर को उन चैंपियन के साथ बातचीत होगी जिन्होंने टोक्यो में पूरे देश को गौरवान्वित किया। पीएम ने आगे कहा कि कल, 12 सितंबर को सुबह 11 बजे पैरा एथलीटों के साथ हुई दिलचस्प बातचीत। प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान कई पैरा एथलीट बहुत भावुक हो गए। पीएम मोदी ने उनका मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि आप लोगों ने बहुत परिश्रम किया है। इस दौरान खिलाड़ियों ने कहा कि आपने पांच दिन में हमारे खेल को जन-जन तक पहुंचा दिया ऐसा आज तक देश के किसी भी प्रधानमंत्री ने नहीं किया। वहीं पैरालंपिक में मेडल लाने से चूक गए एथलीटों ने प्रधानमंत्री से वाद किया कि अगली बार जब वह आप से मिलेंगे तो मेडल भी साथ होगा। पीएम ने कहा कि जिद का अपना महत्व होता है, इस बार जो कमी रह गई उसे बोझ मत बनने देना।

### दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए हो वर्कशॉप का आयोजन

प्रधानमंत्री ने दिव्यांग एथलीटों पर बात करते हुए कहा, पैरा खिलाड़ियों कों कोचिंग कराना ज्यादा मुश्किल है, क्योंकि वे शारीरिक क्षमता के अलावा मानसिक तौर पर भी आम खिलाड़ियों से अलग हैं। ऐसे खिलाड़ियों के लिए वर्कशॉप का आयोजन होना चाहिए।

# जिंदा है अल कायदा चीफ अल जवाहिरी?



**नई दिल्ली।** अल कायदा चीफ आयमान अल जवाहिरी की मौत का दावा एक बार फिर से गलत साबित हुआ है। दरअसल इस बात का खुलासा 9/11 आतंकी हमले की बरसी पर इंटरनेट पर जारी एक 60 मिनट के वीडियो से हुआ है और इस वीडियो का टाइटल है यरूशलेम का यहूदीकरण नहीं होगा। बता दें कि ओसामा बिन लादेन की मौत के बाद अल जवाहिरी को ही अलकायदा का प्रमुख बनाया गया था। पिछले काफी वक्त से वह गायब था। जवाहिरी की बीमारी से मौत की खबरें भी नवंबर 2020 मे सामने आई थीं, जिसके बाद जवाहिरी का न कोई वीडियो सामने आया था, न उस से जुड़ी कोई जानकारी। लेकिन अमेरिका में 9/11 हमले की बरसी के दिन अल कायदा ने अल जवाहिरी का नया वीडियो जारी किया है जिसमें अल जवाहिरी पूरी तरह स्वस्थ्य दिखाई दे रहा है और अमेरिका के खिलाफ जहर उगलता नजर आ रहा है। अल जवाहिरी वीडियो में अमेरिका में 9/11 हमले का जिक्र करता नजर आ रहा है। अल जवाहिरी कह रहा है कि हमें हमें उन 19 मुजाहिद्दीन इस्लाम के लड़कों को नहीं भूलना चाहिए जिन्होंने अमेरिका के दिल को बुरी तरह से घायल कर दिया और ऐसा हमला किया कि उस जख्म को अमेरिका अब तक नहीं भूला। वीडियो में उसने सिर्फ एक बार अफगानिस्तान की चर्चा की। उसने कहा कि 20 साल की लड़ाई के बाद टूटा और बिखर चुका अमेरिका आखिरकार अफगानिस्तान से उल्टे पांव भागने को मजबूर हुआ। अल जवाहिरी ने कश्मीरी जिहादी इलयास कश्मीरी और अल कायदा इंडिया सब कॉन्टिनेंट के चीफ मौलाना असीम उमर को भी याद किया।

### अमेरिका की मोस्ट वांटेड लिस्ट में है जवाहिरी

अल-जवाहिरी अमेरिका की आतंकवादियों की मोस्ट वांटेड सूची में शामिल है। अमेरिकी सरकार ने उस पर अपने नागरिकों की हत्या करने का आरोप लगाया है। वह अमेरिका के बाहर अमेरिकी नागरिकों की हत्या की साजिश में भी शामिल रहा है। अमेरिकी सरकार ने अयमान अल-जवाहिरी पर ढाई करोड़ डॉलर का इनाम रखा था।

### वीडियो सामने आने के बाद सतर्क हुए कई देश

बता दें कि अल जवाहिरी के इस वीडियो के सामने आने के बाद से दुनिया के कई देशों की सरकार ने चिंता जताई है और सेना से सावधानी बरतने के लिए कहा है।

## बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमण से राहत

# 30 हजार से कम आए नए मामले



**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना संक्रमण के मामलों में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। बीते 24 घंटे में 30 हजार से भी कम नए मामले सामने आए हैं, शनिवार को सिर्फ 28 हजार 591 नए पॉजिटिव मरीज मिले हैं, जबकि 338 लोगों ने अपनी जान गंवाई है। वहीं, ठीक होने वाले मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। 34 हजार 848 मरीजों को अस्पतालों से छुट्टी दे दी गई है। वहीं, शुक्रवार को कोरोना के 33 हजार मामले सामने आए थे, लेकिन 24 घंटे के भीतर ही संक्रमित मरीजों की संख्या में करीब पांच हजार की कमी आई है। हालांकि, केरल में कोरोना के मामले जिस तेजी से घटने चाहिए, वैसा नहीं दिख रहा है। सूत्रों की मानें तो वैक्सीनेशन की रफ्तार कम होने की वजह से कोरोना के नए मामले बढ़ रहे हैं।

### कोरोना महामारी आंकड़ों में

बीते 24 घंटे में कुल नए केस आए- 28591
बीते 24 घंटे में कुल ठीक हुए-34,848
बीते 24 घंटे में कुल मौतें-338
बीते 24 घंटे में कोरोना टीका- 72.86 लाख
देश में अभी सक्रिय मरीजों की संख्या- 3.84 लाख
कुल संक्रमित हुए लोग- 3.32 करोड़
अब तक कुल ठीक हुए लोग- 3.24 करोड़
अब तक कुल मौतें- 4,42 लाख
अब तक कुल कोरोना टीका- 73.82 करोड़

# प्रियंका ने हनुमान मंदिर में माथा टेका, पुजारी ने कहा- जीत के लिए यहीं पर रहें



**रायबरेली।** कांग्रेस महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा दो दिवसीय दौरे पर रायबरेली पहुंच गई हैं। यहां वह कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी और पदाधिकारियों संग बैठक करेंगी। रायबरेली के रास्ते में लखनऊ रायबरेली सीमा पर प्रियंका गांधी ने चुरवा हनुमान मंदिर में माथा टेका और पुजारी से आशीर्वाद लेकर प्रसाद ग्रहण किया। बता दें कि विधानसभा चुनाव हों या फिर लोकसभा चुनाव, रायबरेली आने वाले सभी बड़े नेता चुरवा हनुमान मंदिर में माथा टेककर जीत का आशीर्वाद लेते हैं। पुजारी अनूप अवस्थी ने उन्हें पूजा करवाई। प्रियंका गांधी ने पुजारी को दक्षिणा दी। पुजारी ने प्रियंका से कहा संगठन मजबूत करना है और चुनाव में जीत हासिल करनी है तो रायबरेली में आपको रहना पड़ेगा। प्रियंका गांधी ने पुजारी से वादा किया कि मैं अधिक से अधिक रायबरेली आने की कोशिश करूंगी।

## भाजपा में शामिल हुए पुरोला से कांग्रेस विधायक राजकुमार



**नई दिल्ली।** भाजपा में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंचे कांग्रेस के विधायक राजकुमार ने पार्टी ज्वाइन कर ली है। उत्तरकाशी जिले की पुरोला सीट से कांग्रेस विधायक राजकुमार आज दिल्ली में भाजपा में शामिल हो गए हैं। इस दौरान केंद्रीय मंत्री धर्मेंद प्रधान, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक भी मौजूद रहे। इससे पहले शनिवार को राजकुमार भाजपा में शामिल होने वाले थे। लेकिन किन्हीं कारण वश उनकी ज्वाइनिंग टल गई थी।

# दिव्यांग की खातिर सड़क पर फैसला



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में एक जज की दरियादिली का अनोखा मामला सामने आया है। जहां जिला सत्र न्यायाधीश खुद चलकर एक दिव्यांग फरियादी के पास पहुंचे। इतना ही नहीं बीच सड़क पर ही उन्होंने फैसला भी सुना दिया। फैसले में उन्होंने कंपनी को 20 लाख रुपये की मुआवजा राशि देने का आदेश दिया। दरअसल एक सड़क दुर्घटना में तीन साल पहले दिव्यांग हुए युवक ने बीमा कंपनी के खिलाफ अर्जी लगाई थी। बीते 11 सितंबर को कोरबा में लगाई गई लोक अदालत में युवक के मामले की सुनवाई थी। सुनवाई के लिए पहुंचा दिव्यांग युवक चलने में सक्षम नहीं था। बता दें कि कोरबा के जिला सत्र न्यायाधीश बीपी वर्मा को दिव्यांग युवक के संबंध में जानकारी मिली कि वह चलने से लाचार है तो वे खुद उसकी कार के पास पहुंच गए। इसके अलावा युवक के केस से संबंधित दस्तावेज व मामले से जुड़े पक्ष को कार के पास ही बुलाया गया। वहीं सुनवाई के बाद फरियादी दिव्यांग युवक और बीमा कंपनी के बीच सुलह कराया गया। राजीनामा के बाद युवक को बीस लाख रुपये की मुआवजा राशि देने का फैसला कोर्ट ने सुनाया। बता दें कि तीन साल से इस मामले की सुनवाई हो रही थी। लेकिन बीते शनिवार को जज द्वारा फैसला सुनाए जाने के बाद दिव्यांग फरियादी द्वारिका प्रसाद ने खुशी जाहिर की और न्यायालय की इस पहल पर आभार जताया। फरियादी के मुताबिक तीन दिसंबर 2018 को सुबह लगभग पांच बजे द्वारिका प्रसाद कंवर चार पहिया वाहन में कोरबा जा रहा था और उसी दौरान यह दुर्घटना घट गई।

### क्विक अपडेट



## ट्रेन में छिपाकर ला रहे थे विदेशी नस्ल की बिल्लियां

**इटारसी/होशंगाबाद।** रविवार दोपहर इटारसी रेलवे स्टेशन पर मुंबई के छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से अमृतसर जा रही 01057 पठानकोट एक्स के बी-3 कोच से विदेशी नस्ल की 8 पालतू बिल्लियां बरामद की गई हैं। ट्रेन में गश्त करने वाली टीम से इस ट्रेन में बिल्लियों की तस्करी किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद आरपीएफ और वन विभाग की टीम सक्रिय हुई। आरपीएफ टीआइ देवेंद्र कुमार एवं वन विभाग की टीम ने ट्रेन के स्टेशन पर पहुंचते ही चेकिंग अभियान शुरू किया और बी-3 कोच से इन बिल्लियों को जब्त कर लिया गया।



## सतना पहुंचे सीएम, विरोध करते कांग्रेसी गिरफ्तार

**सतना।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सतना पहुंच गए हैं। वे यहां रैगांव विधानसभा क्षेत्र में जनदर्शन कार्यक्रम, सभा और शिलान्यास व लोकार्पण के कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के आगमन के पूर्व ही उन कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जिन्होंने मुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाने का ऐलान किया था। पुलिस ने कांग्रेस नेताओं को उनके घरों और क्षेत्रों से ही उठा लिया और उन्हें पुलिस वाहन में गिरफ्तार कर ले जाया गया। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में कई गई घोषणाओं के अमल न होने पर सवाल करने व काले झंडे दिखाने जाने वाले किसान कांग्रेस के जिला महामंत्री नीरज सिंह भाद को सिविल लाइन थाना पुलिस ने ग्राम भाद स्थित उनके निज निवास के अंदर से ही सुबह उठा लिया।

# बैठक से पहले बोले नितिन पटेल सीएम ऐसा हो जिसे पूरा गुजरात जानता हो



**अहमदाबाद।** विजय रूपाणी के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद गुजरात में सियासी संकट को सुलझाने के लिए रविवार को विधायक दल की बैठक बुलाई गई है। उम्मीद है कि इस बैठक में राज्य के नए मुख्यमंत्री के नाम का फैसला हो जाएगा। गुजरात का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, इसके लिए कई नाम रेस में चल रहे हैं। वहीं उपयुक्त मुख्यमंत्री चुनने के लिए पर्यवेक्षक के रूप में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और प्रह्लाद जोशी को चुना गया है। गुजरात में विधायक दल की बैठक से पहले उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का मुख्यमंत्री ऐसा होना चाहिए जिसे पूरा गुजरात जानता हो। इस बीच एक और जानकारी आ रही है कि नितिन पटेल के घर के बाहर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### आज होगी भाजपा विधायक दल की बैठक

गुजरात के गांधीनगर में प्रदेश भाजपा नेता यमल व्यास ने कहा कि गुजरात भाजपा विधायक दल की बैठक आज दोपहर तीन बजे होगी। बैठक में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद जोशी और भाजपा महासचिव तरुण चुग उपस्थित रहेंगे। बैठक में गुजरात के अगले मुख्यमंत्री का चुनाव होगा।

### यह हो सकता है फॉर्मूला

गुजरात में सरकार का स्वरूप थोड़ा बदल सकता है। कहा जा रहा है कि पार्टी इस बार जातिगत समीकरण बैठने के लिए एक मुख्यमंत्री के साथ दो उपमुख्यमंत्री का फॉर्मूला अपना सकती है। मुख्यमंत्री पाटीदार समाज का होगा। वहीं एक उपमुख्यमंत्री ओबीसी से तो दूसरा आदिवासी हो सकता है। हालांकि ये अभी महज अटकलें हैं। इससे पहले शनिवार को देश उस समय चौंक गया जब विजय रूपाणी ने राज्यपाल को मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा सौंप दिया था। विजय रूपाणी के इस्तीफे के बाद गुजरात भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने गांधीनगर में में बैठक की। विधायकों को शनिवार रात तक राज्य की राजधानी पहुंचने को कहा गया।

## राजोरी में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़, दो आतंकी घिरे



**श्रीनगर।** जम्मू संभाग के राजोरी जिले में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ चल रही है। इसमें दो आतंकियों के घिरे होने की आशंका है। सेना, पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम इस ऑपरेशन को अंजाम दे रही है। बता दें कि जिले के बरोट गांव में पहाड़ी इलाकों में रविवार सुबह आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसी के आधार पर सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया। सुरक्षाबलों के घेरे में खुद को फंसता देख मौजूद आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने आतंकियों को आत्मसमर्पण करने का मौका दिया, लेकिन आतंकी सुरक्षाबलों पर फायरिंग करते रहे। इसके बाद जवाबी फायरिंग के साथ मुठभेड़ शुरू हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने भी आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच जारी गोलाबारी की पुष्टि की है। हालांकि आतंकियों की संख्या को लेकर अभी तक कोई पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि एक से दो आतंकी सुरक्षाबलों के घेरे में फंसे हुए हैं। कश्मीर संभाग में पुलवामा जिले के मलिकपोरा में सेना की 55-आरआर( राष्ट्रीय राइफल्स), सीआरपीएफ और एसओजी की संयुक्त टीम ने तलाशी अभियान शुरू किया है। यहां पुलिस को आतंकी गतिविधि की सूचना मिली थी। जिसके बाद इलाके की घेराबंदी की गई। फिलहाल तलाशी अभियान जारी है।




# क्या एलियन होते हैं? सवाल पर नासा वैज्ञानिक ने किया चौंकाने वाला खुलासा

*__वेब डेस्क।__ क्या एलियन होते हैं? यह एक ऐसा सवाल है जो शायद ब्रह्मांड की उत्पत्ति के साथ ही पैदा हुआ है। जितना पुराना यह सवाल है उतनी ही पुरानी वैज्ञानिकों की खोजें, लेकिन आज तक इस सवाल का जवाब ढूंढे नहीं मिला है। हालांकि, वैज्ञानिकों को इस बात के संकेत जरूर मिले हैं कि धरती से परे अन्य ग्रहों पर भी जीवन है।*

लेकिन, वहां का जीवन कैसा है। लोग कैसे हैं। वे कैसे दिखते हैं। क्या खाते-पीते हैं। क्या यही एलियन होते हैं। ये सारी बातें अभी तक कल्पनाओं और अनुभवों पर ही आधारित है। बॉलीवुड या हॉलीवुड की फिल्मों में भी हमनें अभी तक जो एलियन देखे हैं, वे कल्पनाओं पर ही आधारित हैं। क्योंकि, हमारे वैज्ञानिक अभी तक इस बात का पता नहीं लगा पाए हैं कि क्या एलियन सच में होते हैं?

### नासा वैज्ञानिक ने किया चौंकाने वाला खुलासा

नासा ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो अपलोड किया है। इसमें सवाल किया गया है कि क्या वाकई में एलियन होते हैं। इस सवाल के जवाब में नासा वैज्ञानिक डॉ. लिंडसे हेस कहती हैं कि यह वाकई में बहुत रोचक सवाल है। वैज्ञानिक भी लंबे समय से यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या पृथ्वी के अलावा किसी और ग्रह पर जीवन है। हालांकि, वह आगे कहती हैं कि अमेरिकी स्पेस एजेंसी ने इसका पता लगाने के लिए मंगल ग्रह पर पांच रोवर्स व चार लैंडर्स भेजे हैं। ये रोवर्स व लैंडर्स हाई रिजॉल्यूशन कैमरे से लैस हैं, जो मंगल ग्रह का निरीक्षण कर रहे हैं। इसके बावजूद हम सिर्फ मंगल के एक हिस्से का ही पता लगा पाए हैं। इसलिए हम नहीं कह सकते कि एलियन होते हैं या नहीं। विश्वास पर दुनिया टिकी है, जो दावा करते हैं वो भी और जो खारिज करते वोभी।



### अनंत है ब्रह्मांड

अमेरिकन अंतरिक्ष यात्री व लेखक कार्ल सागन ने लिखा था कि ब्रह्मांड बहुत बड़ा है, यह अनंत है। अगर इस ब्रह्मांड में सिर्फ हम हैं तो यह बर्बादी है। हालांकि, नासा वैज्ञानिक डॉ. लिंडसे वादा करती हैं कि हम इसका पता लगाकर रहेंगे कि धरती के अलावा किसी और ग्रह पर जीवन है कि नहीं।

# सहारा में हंगामा, निवेशकों ने जड़ा दफ्तर पर ताला

## जमा पूंजी वापस पाने दो साल से चक्कर लगा रहे निवेशक, कोतवाली पहुंचा मामला, दोनों पक्षों ने दर्ज कराई शिकायत





**कटनी।** परिपक्वता अवधि पूरी होने के बाद भी सहारा कम्पनी द्वारा निवेशकों को उनके जीवन की गाढ़ी कमाई वापस नहीं लौटाने से नाराज लोगों का गुस्सा शनिवार को सहारा दफ्तर पर फूट पड़ा। शहर और आसपास के क्षेत्रों से आए निवेशकों का कहना था कि सहारा कम्पनी द्वारा जमा राशि वापस लौटाने में टालमटोल किया जा रहा है। दफ्तर में बैठे अधिकारी और कर्मचारी उचित जबाव तक नहीं देते और अभद्र व्यवहार पर उतारू हैं। जिससे आक्रोशित निवेशकों ने शनिवार को कार्यालय में ताला जड़ दिया। जानकारी लगने पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया, इसके बाद दोनों पक्षों के लोग कोतवाली पहुंचे। यहां दोनों पक्षों ने शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि शिकायत की जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि सहारा कम्पनी में अपनी जमा राशि वापस पाने के लिए निवेशक पिछले दो साल से चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। निवेशक रुपये लेने के लिए यहां पर कई बार पहुंच चुके थे। इसके बावजूद कर्मचारियों द्वारा लगातार हीलाहवाली की जा रही थी। मामला तब और बिगड़ गया, जब कर्मचारियों ने निवेशकों से कह दिया कि उन्होंने उनके पास रुपये जमा नहीं कराए हैं, जहां रुपए जमा कराए हैं। वहां रूपए लेने जाएं। वे इसकी शिकायत कहीं पर भी कर सकते हैं। इससे लोग और भड़क उठे।, जिसके बाद दफ्तर परिसर के अंदर ही हंगामा मच गया।

### निवेशकों ने लगाया अभद्र व्यवहार का आरोप

जीवन की गाढ़ी कमाई लगाने वाले निवेशकों का कहना है कि उन्होंने अच्छे दिनों का सपना देखते हुए इसमें रुपए जमा किए थे। किसी को बेटी की शादी करनी है तो किसी को अपने बच्चे को पढ़ाना है, लेकिन राशि नहीं मिलने से उनके सपने अधूरे रह गए हैं। बड़वारा निवासी रसिया बाई ने बताया कि 11 वर्ष राशि जमा करने के बाद 3 वर्ष से वह कार्यालय के चक्कर लगा रही है। संतू और संतोषी ने बताया कि कंपनी से उन्हें एक लाख रुपए लेने है। कंपनी के कर्मचारी संतोषप्रद जवाब नहीं दे रहे हैं।

### कोतवाली थाने में दोनों पक्षों ने की शिकायत

सहारा दफ्तर में हंगामा मचने के बाद दोनो पक्ष शिकायत दर्ज कराने कोतवाली पहुंच गए। यहां दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी शिकायत दर्ज कराई। यहां निवेशकों ने पुलिस के ऊपर सहारा कंपनी के कर्मचारियों को बचाने का आरोप लगाया तो दूसरी तरफ कंपनी के कर्मचारी टीआई के कक्ष में निवेशकों की शिकायत कर रहे थे। मामला बढ़ने पर टीआई अजय बहादुर सिंह ने स्वयं मोर्चा संभाला और दोनों पक्षों को समझाईश दी। एक तरफ 20 से 25 निवेशकों ने राशि नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई है तो दूसरी तरफ सहारा कंपनी के कर्मचारियों ने भी शिकायत की है।

### राशि पाने दो सालों से चक्कर लगा रहे निवेशक

सहारा कंपनी और निवेशकों के बीच यह मामला दो वर्ष से चल रहा है। कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचने के बाद इसकी जांच का जिम्मा संस्थागत वित्त विभाग को दे दिया गया था। जिसमें वित्त विभाग ने सख्ती दिखाते हुए पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई, इसके बाद यह मामला पुलिस के पास पहुंच गया, जिसके बाद पूरा मामला ठंडे बस्ते में ही चला गया।

### इनका कहना है

सहारा कम्पनी द्वारा निवेशकों की राशि वापस करने में लगातार हीला हवाली की जा रही थी। कटनी से लेकर लखनऊ हेड ऑफिस तक नोटिस जारी किया गया। शुरू में कुछ लोगों का भुगतान हुआ लेकिन बाद में कम्पनी टाल मटोल करती रही। जिस पर कम्पनी के अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी। अब इस मामले की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

– **दीपक सिंह,** जिला अल्प बचत अधिकारी, कटनी

सहारा कम्पनी के लखनऊ स्थित हेड ऑफिस को निवेशकों की राशि जल्द से जल्द वापस करने के लिए पत्र लिखा गया है। कल हुए घटनाक्रम की जांच की जा रही है। दोनों पक्षों ने शिकायत दर्ज कराई है।

– **अजय सिंह,** थाना प्रभारी कोतवाली

## प्रत्येक परिवार को दिया जाएगा नल कनेक्शन

**कटनी।** अमृत योजना अन्तर्गत नगर के प्रत्येक परिवार में नल कनेक्शन प्रदाय करनें के उद्धेश्य से निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा क्षेत्रीय सहायक राजस्व निरीक्षकों को परिवारों के चिन्हांकन की कार्यवाही करते हुए वर्तमान में स्थापित नल कनेक्शनों का पूर्ण विवरण उपयंत्री/नोडल अधिकारी अश्विनी पाण्डेय तथा सहायक राजस्व निरीक्षक नवीन पाठक को उपलब्ध करानें के निर्देश प्रदान किये है। नल कनेक्शन कराये जानें का कार्य अमृत योजनान्तर्गत नियुक्त संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा संविदाकार मे0 आई.एच.पी के माध्यम से कराया जावेगा। निगमायुक्त श्री सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा उपरोक्त कार्यवाही हेतु 09-09 वार्डो के 5 दल का गठन किया जाकर क्षेत्रीय उपयंत्रियों सहित जल प्रदाय के उपयंत्री एवं कर्मचारियों सहित क्षेत्रीय सहायक राजस्व निरीक्षकों एवं सहयोगी कर्मचारियों को दायित्व प्रदान किये गए है।

क्षेत्रीय सहायक राजस्व निरीक्षकों द्वारा निगम सीमान्तर्गत निर्मित भवनों का सर्वे कर जिन भवनों में पूर्व से नल कनेक्शन लगे हुए है उनके संपूर्ण विवरण एवं जलकर भुगतान की जानकारी प्राप्त कर जिन भवनों में नल कनेक्शन नहीं है उनके भवन स्वामियों को नवीन नल कनेक्शन हेतु आवश्यक दस्तावेज जैसे मकान टेक्स की रसीद, बिजली बिल, राशन कार्ड, आधार कार्ड आदि दस्तावेज संकलित कर योजना के नोडल अधिकारी को उपलब्ध करानें तथा नोडल अधिकारी नवीन नल कनेक्शन संविदाकार फर्म के कराते हुए कार्यालय में रिकार्ड संधारित करेगें।

उपरोक्त संबंध में मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग भोपाल के आदेशानुसार तथा परिषद प्रस्ताव दिनांक 28.07.2018 अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करनें तथा नवीन नल कनेक्शन के शुल्क की राशि अनिल त्रिपाठी जलकर निरीक्षक द्वारा संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षकों के माध्यम से जमा करानें के निर्देश प्रदान किये गए है।

निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे नें नगर के भवनस्वामियों से सर्वे के दौरान पूर्व से स्थापित नल कनेक्शन का नंबर, उपभोक्ता का नाम, मासिक शुल्क इत्यादि की जानकारी सर्वे कर्मचारियों को उपलब्ध कराकर नगर पालिक निगम कटनी को सहयोग प्रदान करनें एवं नगर निगम के कक्ष क्रमांक 22 में संपर्क कर जानकारी एवं सुविधा का लाभ प्राप्त करनें की अपील की है।

## कसौधन वैश्य महासभा ने मनाई कश्यप जयंती






**कटनी।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बरही में कसौधन वैश्य महासभा द्वारा कश्यप जयंती मनाई गयी, जिसमे मंचीय कार्यक्रम, रंगोली प्रतियोगिता, भोजन वितरण भी हुआ। नवयुवक मंडल, महिला मंडल का शपथ ग्रहण समारोह भी हुआ। पदाधिकारीयों नयी की टीम गठित हुई। मंचीय कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में शिवकुमार गुप्ता राष्ट्रीय संगठन मंत्री, विशिष्ट अतिथि रामसरोवर गुप्ता, नव युवक मंडल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नन्दकिशोर गुप्ता नन्दू, प्रदेश प्रवक्ता उमेश गुप्ता, बरही अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, सचिव कपिल गुप्ता, उपाध्यक्ष लीलाराम गुप्ता, कोषाध्यक्ष अजय गुप्ता, अजीत गुप्ता, विकास गुप्ता, रघुनाथ गुप्ता, नवयुवक अध्यक्ष शुभम गुप्ता, महिला अध्यक्ष तुलसा गुप्ता, प्रान्त सयोजिका रेखा गुप्ता सहित समस्त कसौधन समाज महिला मात्र शक्ति एसभी बडी संख्या मे उपस्थित रहे।

### कश्यप जयंती पर फल वितरण, जीआरपी को दी स्ट्रेचर



**कटनी।** कश्यप जयंती के अवसर पर केसरवानी समाज द्वारा जिला चिकित्सालय में फल वितरण व जीआरपी पुलिस को मरीजों व हादसों में घायल हुए लोगों की मदद के लिए स्ट्रेचर प्रदान किया गया। इस अवसर पर केसरवानी समाज के जिलाध्यक्ष विपिन केसरवानी, मोहनलाल केसरवानी, अतुल केसरवानी, नितिन केसरवानी, संजय केसरवानी, अलकेश केसरवानी, उमेश केसरवानी, सत्येंद्र केसरवानी, हेड टीसी कैलाश चंद्र रजक, रेल मंडल अध्यक्ष एस एन शुक्ला, राम प्रकाश शर्मा, सुरेश मिश्रा मौजूद रहे।

## जेईई मेन्स पेपर लीक होने पर एनएसयूआई ने किया विरोध प्रदर्शन

# छात्रों के साथ छलावा कर रही सरकार



तिलक कॉलेज के बाहर पुलिस से झूमाझटकी



**कटनी।** एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज कुंदन के निर्देश पर एनएसयूआई द्वारा लगातार पूरे भारत में जेईई मेन्स पेपर लीक, नीट परीक्षा में छात्रो को राहत देने, अन्य भर्तियों में हो रही धांधली एवं लम्बित छात्रवृत्ति जल्द दिए जाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी क्रम में एनएसयूआई के राष्ट्रीय समन्वयक दिव्यांशू मिश्रा अंशू के निर्देश पर एनएसयूआई के पदाधिकारियों द्वारा केंद्र एवं प्रदेश सरकार के खिलाफ उग्र प्रदर्शन किया गया। जिले के अग्रणी तिलक कालेज के समक्ष बड़ी संख्या में एनएसयूआई पदाधिकारी इक्ट्ठे होकर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आगे बढ़े, जहां मौजूद पुलिस बल द्वारा उन्हें रोक दिया गया। पुलिस से हुई भारी झूमझटकी के दौरान पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारियों पर वॉटर चार्ज कर बल प्रयोग करते हुए कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद उन्हें मुचलके पर रिहा किया गया। प्रवक्ता विकास दुबे ने बताया कि देश में भाजपा राज में जिस प्रकार शिक्षा का व्यापारीकरण चल रहा है, उसके खिलाफ पूरे देश में एनएसयूआई द्वारा प्रदर्शन कर आवाज उठाई जा रही है। छात्रों को अच्छी और सस्ती शिक्षा देने के उद्देश्य से सत्ता में आई भाजपा ने लगातार छात्रों के साथ छलावा किया है। वर्तमान में जेईई मेंस का पेपर लीक होना, नीट फर्जीवाद होना और छात्रों की लम्बित छात्रवृत्ति के मुद्दे पर प्रदर्शन किया जा रहा था। जिस पर भाजपा के इशारे पर छात्रों पर पुलिस ने बरबरतापूर्वक बल प्रयोग कर गिरफ्तार किया।

### इनकी रही उपस्थिति

प्रदर्शन के दौरान कमल पांडेय, रौनक खंडेलवाल, बड़वारा अध्यक्ष मोहम्मद इजरायल, मुड़वारा अध्यक्ष शुभम मिश्रा, तिलक कालेज अध्यक्ष अजय खटीक, विपिन तिवारी, अभिषेक प्यासी, आशीष चतुर्वेदी, निखिल उपाध्याय, विराट शर्मा, विकास मौर्य, राहुल यादव, नित्यम चौधरी, ओम उरमलिया, सौरभ पांडे, श्याम लाल कुशवाहा, सोनू मंसूरी, आदित्य ठाकुर, हरजीत खरे, आदर्श सूर्या सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बांधा मंदिर में 14 सितम्बर को राधारानी महोत्सव



**कटनी।** श्री राधा कृष्ण मंदिर लघु वृन्दावन धाम बांधा में 14 सितम्बर, मंगलवार को भगवान श्री कृष्ण की परमप्रिय हृदयात्मा राधारानी का जन्मोत्सव राधारानी महोत्सव सायं 6 बजे से विशेष पूजन अर्चन, श्रृंगार एवं भगवान की महाआरती के साथ मनाया जावेगा। श्री राधा कृष्ण सेवा समिति के पं. रामनरेश त्रिपाठी, नवनीत चतुर्वेदी, पं. महेश पाठक, सीताराम मिश्रा, ए. पी. चतुर्वेदी, सत्येन्द्र त्रिपाठी, कृष्णकांत पाण्डे, ओमप्रकाश दुबे, प्रेम नारायण तिवारी, रामशरण दुबे आदि ने श्रद्धालु जनों से मंदिर पधारकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की प्रार्थना की है।

### समावेशी शिक्षा का विचार, भेदभाव रहित शिक्षा का आधार

**कटनी।** आयुध निर्माणी में दिनांक 7 सितंबर से 17 सितंबर तक चल रहे शिक्षक पर्व के कार्यक्रम के दौरान आज राष्ट्रीय स्तर के विद्वानों द्वारा वेबीनार के माध्यम से श्समावेशी शिक्षा के पोषणश् विषय पर प्रकाश डाला गया।



समावेशी शिक्षा एक ऐसी शिक्षा प्रणाली है जिसमें सामान्य छात्र और दिव्यांग छात्र विद्यालय में साथ . साथ शिक्षा ग्रहण करते है। विषय पर श्रीमती रितु सेन, डॉ सुधा आचार्य, श्रीमती सुमित्रा छावनी तथा डॉ संजीव कुमार द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के प्राचार्य शिक्षकों एवं छात्रों ने वेबकास्ट व यूट्यूब के माध्यम से इस कार्यक्रम में भाग लिया।

## दिव्यांग शिवप्रसाद ने खुद टीम को दी सूचना कहा–मुझे अपनाना है सुरक्षा का कवच

**कटनी।** कोरोना से बचाव के लिए सुरक्षा कवच वैक्सीनेशन के दोनों डोज लगवाने अब स्वप्रेरणा से भी लोग आने लगे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा लगातार चलाए जा रहे जागरूकता अभियान का असर है कि केंद्रों तक न पहुंच पाने वाले लोग अब मोबाइल टीमों से भी संपर्क कर रहे हैं। ऐसे ही बिलहरी में चलाए जा रहे वैक्सीनेशन अभियान के अंतर्गत 61 वर्षीय दिव्यांग शिवप्रसाद चौधरी ने खुद टीकाकरण मोबाइल टीम से संपर्क कर कहा कि उन्हें सुरक्षा कवच को लेकर टीके का दूसरा डोज लगवाना है। जानकारी लगते ही टीम के सदस्य पीसीओ अशोक चक्रवर्ती, सचिव सुरेश बेन, ग्राम रोजगार सहायक कृष्ण कांत मिश्रा, बीएलओ पन्नालाल कोरी, अनुराधा सिंह, वैक्सीनेटर पूनम विश्वकर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मी विश्वकर्मा, सहायिका ओमवती कोरी, आशा कार्यकर्ता कमला चौधरी ने शिवप्रसाद के घर पहुंच कर वैक्सीनेशन का दूसरा डोज लगवाया। दिव्यांग शिवप्रसाद ने जहां टीम को धन्यवाद दिया तो वही अपने आसपास के लोगों से भी कोरोना से बचाव को लेकर वैक्सीन के दोनों डोज अनिवार्य रूप से लेने की अपील भी की।



## 80 वर्षीय वृद्धा नहीं पहुंच पा रही थीं केंद्र, घर जाकर लगाई वैक्सीन



**कटनी।** कोरोना महामारी से बचाव के लिए सुरक्षा कवच अपनाने लोग अधिक से अधिक संख्या में आगे आएं इसको लेकर केंद्र व मध्य प्रदेश सरकार लगातार अभियान चला रही है। लोगों को जागरूक करने के साथ ही जहां केंद्रों में वैक्सीनेशन का कार्य चल रहा है तो मोबाइल टीम भी लगातार सेवाएं दे रही हैं। वृद्ध, दिव्यांग जो केंद्र नहीं पहुंच पा रहे हैं, उनको घर पहुंचकर टीम वैक्सीनेशन की सेवाएं दे रही हैं ताकि वैक्सीनेशन कोई भी वंचित न रह पाए। ऐसे ही सूचना पर बिलहरी के ताम्रकार मोहल्ले में एक वृद्ध के घर पहुंच कर टीम ने टीका का दूसरा डोज लगाया। 80 वर्षीय सरोज तिवारी अपने नजदीकी केंद्र तक पहुंचने में असमर्थ थी। इस बात की जानकारी जब गांव में वेक्सिनेशन कार्य में जुटी टीम को लगी तो उन्होंने वृद्धा को आश्वस्त किया और घर पहुंच कर मोबाइल टीम ने उन्हें वैक्सीनेशन का दूसरा डोज लगाया। वृद्धा सरोज ने कहा कि सरकार के इस प्रयास से करोना जैसी महामारी जल्द ही हमारे समाज से दूर होगी। उन्होंने आमजन से यह अपील की कि वे भी महामारी से बचाव के लिए दोनों डोज अवश्य लगवाएं। इस दौरान टीम सुपरवाइजर इंद्र कुमार विश्वकर्मा, सचिव अमित ताम्रकार, रोजगार सहायक आशीष मिश्रा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनीता ताम्रकार, सहायिका आशा ताम्रकार, आशा कार्यकर्ता सरिता गोस्वामी टीम में शामिल थीं।

### नीलिमा ❤ से

#### स्वागत गौरीनंदन



रिद्धि-सिद्धि और देने ज्ञान का प्रकाश
गणपति संग लाए आशा, श्रद्धा, उल्लास

कृपा, सुख-समृद्धि और शांति की आस
सदा रहना अष्टविनायक आप हमारे पास

विघ्न-बाधा, विपदा-कष्टें का हो विनाश
विघ्नहर्ता गणेश जी पर है सबको विश्वास

बरसता रहे सभी पर गौरीसुत का आशीष
सबके जीवन से हो दुख दर्द बुराई का नाश



भक्तों के सिद्ध करने कार्य और विकास
विघ्नेशवर शुभ मंगलकारी देवों में हैं खास

आशाओं के दीप जलें दूर हों मन के तमस
सुखकर्ता मंगलमूर्ति पधारे हैं फिर अब के बरस!!!

**- नीलिमा पाठक सामंतरे**

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, रविवार, 12 सितम्बर 2021

आज की खबर अभी, आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

## छोटे भाई के लिए छलका बड़े भाई का प्यार, जमीन की भेंट

## नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौते से निपटे प्रकरण

# लोक अदालत में निपटा सगे भाईयों का जमीनी विवाद

**कटनी।** प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्यामाचरण उपाध्याय के मार्गदर्शन, जिला न्यायाधीश सचिव दिनेश कुमार नोटिया, मनीष कौशिक, जिला विधिक सहायता अधिकारी के निर्देशन में जिला न्यायालय एवं तहसील न्यायालयों विजयराघवगढ़, बरही, ढीमरखेड़ा एवं अन्य विभागों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला न्यायालय नेशनल लोक अदालत में 80 साल के दो भाईयों प्रेमा एवं भगवान दास पिता हुलाली राठौर के मध्य जमीन संबंधी विवाद विगत कई वर्षो से न्यायालय सूर्यप्रकाश शर्मा, जिला न्यायाधीश के न्यायालय में लंबित था। उक्त प्रकरण का निराकरण बड़े भाई प्रेमा के हक में व्यवहार न्यायाधीश के न्यायालय द्वारा किया गया, जिसकी अपील छोटे भाई भगवानदास द्वारा सूर्यप्रकाश शर्माए जिला न्यायाधीश के न्यायालय में की गई। समझाईश दिए जाने पर बड़े भाई ने जमीन का एक टुकड़ा छोटे भाई को उपहार स्वरूप देने के लिए सहमति दी। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दोनों पक्षों का मुंह मीठा कराकर बडे भाई द्वारा दिखाए गए बड़प्पन एवं प्यार की सराहना की।



### पति पत्नी के बीच हुआ समझौता

नेशनल लोक अदालत में आर पी सोनी प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय कटनी में चल रहे प्रकरणों में से एक प्रकरण महक पति अमर के बीच घरेलु विवाद के कारण लगभग 3 वर्षों से अलग रह रहे थे। समझाईश देकर समझौता कराया गया। अब दोनों साथ रहने राजी हुए। महक की ओर से अधिवक्ता मीना सिंह बघेल द्वारा बताया गया कि दोनों के बीच विवाद के कारण इनके दो बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया थाए लेकिन इस समझौते से बच्चों को मां.बाप का प्यार मिल पाया। साथ ही बच्चों के भविष्य को एक नई दिशा प्राप्त होगी।

### इनकी रही उपस्थिति

उक्त दौरान मुख्य न्यायाधिपति मोहम्मद रफीक, मप्र उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक, मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव, न्यायाधिपतिए मप्र उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के विशिष्ट आतिथ्य में नेशनल लोक अदालत का ऑनलाईन शुभारंभ किया गया। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ श्यामाचरण उपाध्याय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष द्वारा एवं समस्त न्यायाधीश एवं अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी तथा अधिवक्ता एवं जिला न्यायालय के कर्मचारी की उपस्थिति में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

### इन प्रकरणों का हुआ निराकरण

उक्त लोक अदालत में प्री.लिटिगेशन, बिजली, आपराधिक, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक समेत पक्षकारों के आपसी राजीनामा से प्रकरणों का निराकरण किया गया। लोक अदालतों की 56 खण्डपीठों का गठन किया था। लोक अदालत में प्रीलिटिगेशन के 5832 प्रकरण रेफर्ड किए गए एवं न्यायालय के 4435 प्रकरणों को रैफर किया गया। प्री.लिटिगेशन में 2239 प्रकरण निपटे जिससे 2294 लोग लाभांवित हुए एवं इन प्रकरणों में 60,51,099 रूपए की राशि अवार्ड की गई। न्यायालय में लंबित प्रकरणों में 1963 प्रकरण निपटाये गए जिससे 2507 लोग लभान्वित हुए एवं जिसमें राशि रूपए 2,95,94,427 अवार्ड की गई। कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश आरपी सोनी की खण्डपीठ द्वारा पारिवारिक विवाद के मामलों में 61 पति पत्नी का समझौता कराया गया जिसमें वह राजीखुशी से साथ में रहने हेतु सहमत हुए। इसी तरह जिले में आयोजित लोक अदालत के अन्य विभाग जैसे कलेक्ट्रेट के 1542 पुलिस परामर्श केन्द्र के 27ए नगर निगम के 480 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इस प्रकार उक्त नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों ने आपसी समझौते के आधार पर बड़ी संख्या में अपने प्रकरणों का निराकरण करवाते हुए लाभ प्राप्त किया।



### करों का भुगतान कर उठाया छूट का लाभ

नगर निगम कार्यालय सहित जोन कार्यालयों में लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत के दौरान निगम कटनी कार्यालय सहित तीन जोन कार्यालय बस स्टेण्ड ऑडिटोरियम परिसर, खिरहनी आंगनबाडी भवन, माधवनगर उपकार्यालय में राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा कार्यालय मे निगम के बकाया करों को जमा करनें हेतु उपस्थित होनें वाले नागरिकों को बकाया करों की जानकारी एवं अधिभार में प्रदत्त छूट से अवगत कराया जाकर शासन निर्देशानुसार अधिभार में छूट का लाभ प्रदान करते हुए बकाया करों की राशि को जमा कराया गया। प्रभारी अधिकारी राजस्व जागेश्वर पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि लोक अदालत के दौरान नागरिकों को संपत्तिकर एवं जलकर में अधिभार में छूट का लाभ प्रदान करते हुए समाचार लिखे जानें तक लगभग 41 लाख रूपये निगम कोष में जमा किये गए।



## गणेशोत्सव पर्व : डीजे और जुलूस पर में रहेगा प्रतिबंध

### उमरियापान थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**उमरियापान, यशभारत।** गणेशोत्सव पर्व को लेकर कल शुक्रवार को शाम 5 बजे से उमरियापान थाना प्रांगण में थाना प्रभारी और जनप्रतिधियों की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। थाना प्रभारी ने कहा प्रदेश स्तर से जारी कोरोना गाइड लाइन के अनुसार डीजे और जुलूस में प्रतिबंध रहेगा। मात्र 10 लोगों को प्रतिमा विसर्जन करने की अनुमति रहेगी। थाना प्रभारी ने कहा सभी लोग कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से गणेशोत्सव पर्व मनाएं। भारी भीड़ भाड़ न रहे साथ ही मास्क अनिवार्य रूप से लगाएं। इस दौरान उपस्थिति लोगों ने कहा इन दिनों विद्युत व्यवस्था बद से बदतर है सुधार कराया जाए साथ ही घाटों की साफसफाई और घाटों में प्रकाश की व्यवस्था की जाए जिससे प्रतिमाएं विसर्जन करने में परेशानी न हो। अधिकारियों ने ग्राम पंचायत को साफसफाई करवाने तो विद्युत विभाग को त्योहार के चलते विद्युत व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने के आदेश दिए। इस मौके पर थाना प्रभारी गणेश प्रसाद विश्वकर्मा, शिव कुमार चौरसिया, राजेश चौरसिया, जिला मंत्री विजय दुबे, सुखदेव चौरसिया, वंशरूप चौरसिया, धर्मदास चौरसिया, मंडल अध्यक्ष गोविंद सिंह, जितेंद्र अरोराए प्रमोद गौतम, ललित गौतम, शैलेंद्र पौराणिक, सिद्धार्थ दीक्षित, स्वतंत्र चौरसिया, मुन्नू गौतम, सतीश चौरसिया, नरेंद्र उपाध्याय की उपस्थिति रही।

## जिले में अब तक 593.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से 11 सितम्बर 2021 तक 593.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गतवर्ष इस अवधि में 778.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। गौरतलब है कि जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1124.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 11 सितम्बर 2021 तक जिले के तहसीलवार वर्षा मापी केन्द्र कटनी में 491.8 मिलीमीटर, रीठी में 535.7 मिमी, बड़वारा में 774.0 मिमी, बरही में 708.0 मिमी, विजयराघवगढ़ में 745.9 मिमी, बहोरीबंद में 507.6 मिमी, स्लीमनाबाद में 401.0 मिमी और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा 611.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में जिले मे कुल 15.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिसमें कटनी तहसील अंतर्गत 2.0 मिमी, रीठी तहसील क्षेत्र अंतर्गत 31.0 मिमी, बडवारा क्षेत्र अंतर्गत 10.0 मिमी, बरही तहसील क्षेत्र अंतर्गत 14.0 मिमी, विजयराघवगढ़ तहसील क्षेंत्र अंतर्गत 43.5 मिमी, बहोरीबंद तहसील क्षेत्र अंतर्गत 2.5 मिमी, स्लीमनाबाद क्षेत्र अंतर्गत 3.0 मिमी और ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र अंतर्गत 17.5 मिमी वर्षा औसत दर्ज की गई है।

## एडवोकेसी बैठक का आयोजन कल

**कटनी।** अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पो ने बताया कि 13 सितम्बर को आयुक्त निःशक्तजन मध्यप्रदेश की उपस्थिति में एडवोकेसी बैठक का अयोजन होगा। यह बैठक दोपहर 1 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होगी। इस बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित रहने के निर्देश अपर कलेक्टर द्वारा दिये गये हैं।

## आयुष शिविर में 186 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण

### दवाओं का वितरण, बीमारियों से सतर्क रहने की सलाह

**रीठी।** रीठी तहसील के आयुष ग्राम रैपुरा में विगत 11 सितंबर शनिवार को जिला आयुष विभाग द्वारा निःशुल्क आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 186 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए दवा का किया गया। लगभग 280 लोगों को संचारी रोग सामान्य जानकारी एवं बचाव संबंधी जागरूकता शिविर द्वारा लाभान्वित किया गया। शिविर में आयुष विभाग के डॉ हेम सिंह, डॉ आशीष मिश्रा एवं शासकीय आयुष औषधालय ग्राम रेपुरा के स्टाफ की उपस्थिति रही। रैपुरा शासकीय आयुष औषधालय में पदस्थ डॉ. आशीष मिश्रा ने बताया की मप्र शासन द्वारा समय-समय पर निःशुल्क आयुर्वेदिक शिविरों का आयोजन किया जाता है, जिसमे मलेरिया, डिसेंट्री, डेंगू, स्वाइन फ्लू, संक्रमण आदि विभिन्न रोगों के बचाव व निदान की जानकारी के साथ निःशुल्क चिकित्सा सुविधा शिविर के माध्यम लोगों से दिलाई जाती है, साथ ही ऐसे आयोजनों के माध्यम सें लोगों को बीमारियों के बारे में जानकारी व सावधानियां कैसे रखें, आदि विषयों की जानकारी निःशुल्क प्रदान की जाती है। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।




## उमरियापान में जगह जगह विराजे गणेश भगवान

**उमरियापान, यशभारत।** उमरियापान सहित आस पास के ग्रामों हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी के अवसर पर प्रथम पूज्य गणेश भगवान की स्थापना की गई है। उमरियापान के मुख्य मार्केट झंडा चौक हनुमान मंदिर में बजरंग गणेश उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार की तरह इस वर्ष भी प्रथम पूज्य गणेश भगवान की स्थापना की गई है। गणेश चतुर्थी के अवसर पर कल शाम को मंदिर के पंडित संतोष पौराणिक द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर गणेश भगवान की स्थापना करवाई गई। इसी तरह नगर के सन्यासी महाराज मंदिर, लाली की चक्की, अथैया मंदिर, सोनी मोहल्ला, कटरा बाजार, न्यू बस स्टैंड, नई बस्ती, अंधेलीबाग तिराहा सहित अन्य मंदिरों और सार्वजनिक स्थानों में बड़ी संख्या में गणेश भगवान की स्थापना की गई है। इस दौरान प्रथम पूज्य गणेश भगवान के जयघोष जमकर गूंजे। साथ ही श्रद्धालुओं ने कोरोना कॉल से जल्द से जल्द मुक्ति दिलाने की संकट हारता से प्राथना की है। इस अवसर पर के के चौरासिया सोनू, सत्यम चौरसिया, अस्सु, नन्नू, शेखर चौरसिया, रत्नेश, आयरन, राज चौरसिया, मनीष, शिवम श्रीवास सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।



किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

## दहेज प्रथा के खिलाफ व्यंग्यकारों ने किया कटाक्ष

### सभ्रांत समाज द्वारा ऑनलाइन विचार गोष्ठी

**कटनी।** नगर के रचनाकारों डॉ रमाकान्त निगम एवं हास्य कवि शरद जायसवाल की उपस्थिति में सभ्रांत समाज द्वारा दहेज़ समस्या उसका निवारण विषय पर विडियो, आडियो के माध्यम से ऑनलाइन विचार गोष्ठी, महाकाव्य कुंभ का आयोजन किया गया। इस आयोजन में देश विदेश के साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी ।सभ्रांत समाज के प्रदेश प्रवक्ता दीपक चाकरे ने बताया कि इस गरिमामय की अध्यक्षता हास्य कवि शरद जायसवाल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पं शीतला प्रसाद त्रिपाठी विश्व अध्यक्ष सभ्रांत समाजए विशिष्ट अतिथि डॉ रमाकान्त निगम विश्व प्रवक्ता, डॉ जगदीश चंद्र चौरे समाजसेवीए श्रीमती राजश्री शर्मा उपाध्याय अखिल निमाड़ कला परिषदए गणेश प्रसाद श्रीवास्तव प्यासा विश्व महासचिव उपस्थित रहे । अतिथियों का स्वागत सुनील उपमन्यु, रंजना जोशी, दीपक चाकरे चक्कर, जयश्री तिवारी निर्मल मंगलानी ने किया । माँ वीणा पाणी की चरण वंदना जयश्री तिवारी ने की।गुरु वंदना पर नृत्य दिशिका चौरे ने किया । काव्य कुंभ में पधारे अभय चौरे, सलोनी सेनएस्वाति जोशी, अर्चना शर्मा, वर्षा उपाध्याय, साधना शर्मा, वत्सला साकल्ले, मंजरी निधि, पूर्णिमा मलतारे, मधुलिका अग्रवाल, विभा भटोरे, वंदना जोशी, मनीषा शर्मा, संध्या साकल्ले, डॉ शिवचरण श्रीवास्तव अमल,सुरेन्द्र पहारे, सुनीता परसाई, रंजना जोशीए चंद्रमणी दफ्तरी, तारकेश्वर चौरे, जयश्री तिवारी, कविता विश्वकर्मा , सुषमा शर्मा, अनिल कसेर, अनिता शुक्ला, संतोष चौरे चुभन, निर्मल मंगलानी, सुनील चौरे उपमन्यु आदि कवि एकवयित्री एवं विचारकों ने अपनी अभिव्यक्ति से प्रेरक संदेश दिए। शरद जायसवाल ने अपने अध्यक्षीय उद्बबोधन में कहा . तेल हल्दी से चुपड़ के उसने की बेटी बिदाए मुंह में पानी आ रहा था भूंज के हम खा गए । कार्यक्रम का संचालन सूत्रधार कवि कला संगम खंडवा के संस्थापक व सभ्रांत समाज राष्ट्रीय सचिव सुनील चौरे उपमन्यु ने किया ।



एन.ए.बी.एच. द्वारा प्रमाणित
mgm HOSPITAL
एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन : 07622-405070-71-72 मो. 9424957890
कटनी में पहली बार मल्टी स्लाइस सी.टी.स्कैन मशीन द्वारा सी.टी.स्कैन जाँच सुविधा
प्रतिदिन डायलिसिस सुविधा
24 घंटे एम्बूलेंस
24 घंटे दवाईयां
24 घंटे डिजिटल एक्सरे
24 घंटे एम.एल.सी
आयुष्मान भारत निरामयम, ई.एस.आई., राज्य शासकीय कर्मचारी, एम.पी.पुलिस एवं अन्य निजी मेडीक्लेम कंपनी के लाभार्थियों को कैशलेस इलाज की सुविधा
अस्थि रोग | शल्य चिकित्सा | स्त्री रोग | हृदय रोग | सामान्य चिकित्सा | फिजियो थेरेपी | शिशु रोग | दंत रोग | मस्तिष्क रोग | नेत्र रोग
एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
| --- | --- | --- | --- |
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

**भारतीय किसान यूनियन ने की मांग**

# लागत के आधार पर मिले उपज का दाम





**कटनी।** लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ के द्वारा कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने हुए संपूर्ण देश के 525 से अधिक जिला केन्द्रों में शांति पूर्ण धरना एवं प्रदर्शन किया गया। दूसरी कड़ी में नदीपार कैलवारा रोड स्थित लवकुश आश्रम में जिले के सभी किसान इकट्ठा हुए वहां से शांति पूर्ण रैली द्वारा कचहरी में आकर एस.डी.एम. कार्यालय में आकर ज्ञापन सौंपा। भारतीय किसान संघ ने ज्ञापन में मांग की है कि किसानों को उसकी उपज का लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया जाये। सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर भी ज्ञापन में कहा गया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित होने के बाद भी मंडी में भाव उससे कम रहते हैं किसान को उसकी लागत तक नहीं मिलती हैं। किसानों ने कहा कि कृषि आदान लगातार मंहगे हो रहे हैं और उसकी तुलना में न्यूनतम समर्थन मूल्य बहुत कम है। कटनी जिले के सभी तहसीलों के किसान शामिल हुए, इस धरना प्रदर्शन में प्रांत मंत्री भरत पटेल, जिलाध्यक्ष बिहारी लाल निगम, जिला मंत्री राजेन्द्र पटेल, उपाध्यक्ष ज्ञानचंद चौरसिया, इन्द्र जी हल्दकार, रामसिंह जी, बसंत मिश्रा, चमनलाल जी, पारस पटेल, संजय जोशी, धनंजय मिश्रा, विजय पटेल, अनिल विश्वकर्मा, गोविंद दुबे, हरीलाल राजपाल सहित सभी तहसीलों के किसान व किसान संघ के पदाधिकारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# पर्वों के चलते मंदिरों के आसपास सफाई




कटनी। निगम प्रशासन द्वारा नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु नगर के विभिन्न सार्वजनिक मार्गों, मुख्य मार्गों के डिवाइडर सहित गणेश प्रतिमा पंडालों के आसपास सहित पर्यूषण पर्व के चलते जैन मंदिरों के आसपास, वैक्सीनेशन सत्र में नागरिकों की सुविधा हेतु टीकाकरण केन्द्रों सहित पहुंच मार्ग में विशेष साफ सफाई एवं चूने की लाईनिंग तथा कीटनाशक दवाईयों के छिडकाव का कार्य कराया जाकर नगर को साफ स्वच्छ एवं संक्रमण मुक्त रखनें के प्रयास किये जा रहे है।

नगर की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए आज प्रातः प्रथम पाली में बस स्टेण्ड परिसर, मिशन चौक, फूल मंडी पर्यूषण पर्व को दृष्टिगत रखते हुए नगर के विभिन्न स्थलों जैन बोर्डिंग के सामनें, महात्मा गांधी वार्ड रधुनाथ गंज वार्ड, हाउसिंग बोर्ड स्थित जैन मंदिर के आस पास, शिवाजी वार्ड स्वास्थ्य केन्द्र मार्ग, भट्टा मोहल्ला, कावस जी वार्ड स्थित गणेश पंडाल, कावस जी वार्ड विवेकानंद चौक के पीछे गणेश पंडाल के आसपास सफाई कराई जाकर चूने की लाईनिंग सहित नगर के अन्य मार्गो की सफाई तथा मलिन बस्तियों के नाले नालियों की सफाई का कार्य कराया गया। संक्रमण से बचाव हेतु चलाये जा रहे कीटनाशक छिड़काव अभियान के तहत आज प्रथम पाली में इंदिरा गांधी वार्ड में पानी भराव वाले स्थलों में जला ऑयल का छिडकाव कार्य, राम मनोहर लोहिया वार्ड मुक्तिधाम मार्ग, कैलवारा रोड, पार्षद गली, गणेश प्रसाद मसुरहा वार्ड सम्राट गली सहित अन्य विभिन्न गलियों, महात्मा गांधी वार्ड शोभालाल जैन मार्ग, वेंकट वार्ड, बाबू जगजीवनराम वार्ड में पानी भराव वाले स्थलों में जले हुए आयल का छिडकाव कार्य, गुरूनानक वार्ड स्थित स्टेशन चौराहा, पाल गली में डेंगू एवं चिकुनगुनिया से बचाव संबंधी पंपलेट वितरण का कार्य सहित नगर के अन्य स्थलों में कीटनाश दवा का छिडकाव किया गया।

# रीठी में चला फिट इंडिया फ्रीडम इंडिया कैम्पेन



**रीठी।** नेहरू युवा केंद्र रीठी एवं जिला युवा अधिकारी सुश्री कीर्तिका कुहर एवं लेखापाल राजकुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में रीठी ब्लॉक के राष्ट्रीय स्वयंसेवक अंकित सोनी व सोनाली ताम्रकार के द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के तहत फिट इंडिया फ्रीडम इंडिया 2.0 की शुरुआत हुई। ग्राम पंचायत उमरिया के ग्राम रोजगार सचिव संतोष पटेल द्वारा हरी झंडी दिखाकर दौड़, राष्ट्रगान, शपथ कराई गई। कार्यक्रम में युवाओं की सहभागिता रही।

# हांका गेंग सक्रिय, रोजाना पकड़े जा रहे आवारा मवेशी



**कटनी।** नागरिकों को नगर में यातायात की सुगम व्यवस्था मुहैया करानें के उद्धेश्य से कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशों के परिपालन में निगम की हांका गेंग के सदस्यों द्वारा नगर के सार्वजनिक मार्गो पर आवारा रूप से विचरण करने वाले मवेशियों पर रोजाना कार्यवाही की जा रही है। प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक तेजभान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम की हांका गेंग द्वारा आवारा मवेशियों पर की जा रही कार्यवाही के तहत आज प्रातः माधवनगर एवं झिंझरी मार्ग में आवारा रूप से विचरण कर गंदगी फैलाने एवं यातायात को प्रभावित करनें वाले 10 मवेशियों को को पकडकर अमीरगंज स्थित गौशाला भेजनें की कार्यवाही की गई।

# शहीद वनकर्मियों को अर्पित किए श्रद्धा सुमन



**कटनी।** राष्ट्रीय वन शहीद दिवस पर वन मंडल कार्यालय परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वन शहीद दिवस पर एसडीओ फॉरेस्ट की मौजूदगी में वनकर्मियों ने सेवा के दौरान शहीद वन कर्मियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। साथ ही एसडीओ फॉरेस्ट ने कहा कि जंगल और वन्य प्राणियों की सुरक्षा में हमारे सैकड़ों अधिकारी कर्मचारी दिन रात मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम अपना काम ईमानदारी करें ताकि हमारे जंगल और वन्यप्राणी सुरक्षित रहें। इस दौरान विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# टीकाकरण केन्द्रों में उपलब्ध कराई गई निगम की आवश्यक व्यवस्थाएं

## टीकाकरण का लाभ प्रदान कराने हेतु किये गए भरसक प्रयास




**कटनी।** निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में आज आयोजित होनें वाले टीकाकरण अभियान में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगम के गठित दल के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा आवश्यक व्यवस्थांए पूर्ण कराई जाकर शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ती के भरसक प्रयास किये गए। वैक्सीनेशन सत्र हेतु चिन्हित टीकाकरण केन्द्रों पुरानी कचहरी कटनी, सेवा भारती अक्षर नंदन स्कूल, ऑर्डिनेंस हास्पिटल कटनी, ए0सी0सी0 हास्पिटल कटनी, झूलेलाल मंदिर माधवनगर, सामुदायिक भवन जालपा वार्ड, प्रा0 शाला बरगवां, प्रा0 शाला झिंझरी, बिरसा मुण्डा वार्ड स्थित शासकीय स्कूल खेरमाई मंदिर के पास कटनी, नगर निगम जोन कार्यालय क्रमांक 2 खिरहनी में निगम से संबंधित साफ सफाई, पेयजल, प्रकाश, फर्नीचर, एवं शामियाना आदि की व्यवस्था पूर्ण कराई जाकर टीकाकरण कार्य प्रारंभ कराया गया। निगम के गठित दल के सदस्यों द्वारा निरंतर बस्तियों में भ्रमण करते हुए स्थानीय रहवासियों से संपर्क किया जाकर टीकाकरण करानें हेतु प्रेरित करनें की कार्यवाही भी की गई। नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए तीन मोबाईल वेन के माध्यम से भी नगर के उपनगरीय क्षेत्रों नयागांव खिरहनी, आदिवासी मोहल्ला अमकुही एवं कृष्ण मंदिर के पास छपरवाह एवं बिलगवां में टीकाकरण के दौरान निगम के नियुक्त दल द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधयों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ टीकाकरण से वंचित अधिक से अधिक नागरिकों को टीकाकरण का लाभ प्रदान करानें के प्रयास किये गए।

# कोरोनाकाल में प्रस्फुटन समिति की सक्रियता की सराहना





**कटनी।** जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ तेज सिंह केशवाल का प्रवास विकासखंड कटनी के ग्राम लखापतेरी और ग्राम बंडा में हुआ। लखापतेरी के ग्राम पंचायत भवन में युवा सजग जन कल्याण समिति के सदस्यों एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें सदस्यों से कोरोना वायरस से बचाव के लिए वालंटियर के रूप में किए गए कार्यों व गतिविधियों के बारे में जानकारी ली गई, साथ ही आगे भी इसी प्रकार सहयोग करने का आव्हान किया गया। जिला समन्वयक ने सदस्यों के सहयोग से आम के पौधे का रोपण किया। दूसरे चरण में ग्राम बंडा के ग्राम पंचायत भवन में प्रस्फुटन समिति के सदस्यों व विभिन्न स्व सहायता समूह की सदस्य महिलाओं के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें कोरोनाकाल में उनके द्वारा किए गए कार्यों के संबंध में जानकारी ली गई एवं समूह की सदस्य महिलाओं को भी सामाजिक कार्यों में सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रस्फुटन समिति के सचिव हीरामणि हल्द कार के सहयोग से स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया गया।

# डेंगू से बचाव के लिए वार्ड दरोगाओं को मिली ट्रेनिंग

## टायरों में पानी नाए जाने पर होगी जुर्माने की कार्यवाही




**कटनी।** नगर निगम प्रशासन द्वारा नगर में संक्रामक बीमारियों के प्रसार पर नियंत्रण हेतु नगर की सफाई व्यवस्था सहित, कीटनाशक दवा का छिडकाव, जागरूकता पंपलेटों का वितरण सहित वाहनों के माध्यम से मुनादी का कार्य कराया जाकर संक्रमित बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी प्रदान की जा रही है। स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर में मौसमी बीमारियों के प्रसार पर अंकुश लगानें के उद्धेश्य से निगम के वार्ड दरागाओं द्वारा जिला मलेरिया विभाग द्वारा शासकीय चिकित्सालय में आयोजित बैठक में ट्रेनिंग भी ली संक्रमण को नष्ट करनें हेतु कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। वर्तमान मौसम को दृष्टिगत रखते हुए डेंगू/चिकुनगुनिया जैसी बीमारियों के संक्रमण पर नियंत्रण हेतु सार्वजनिक सडकों के किनारे टायर का व्यापार करनें वाले दुकानदारों से अपील की है कि दुकान के बाहर टायर न रखें, टायरों में पानी जमा न होनें देवें, दुकान के बाहर रखे टायरों में पानी पाये जानें पर जप्ती /जुर्मानें की कार्यवाही के साथ न्यायालयीन कार्यवाही की जावेगी जिसकी समस्त जवाबदारी संबंधित दुकानदार की होगी।

## सम्भागीय बैठक में चावला को दी गई श्रद्धांजलि

कटनी। वरिष्ठ भाजपा नेता घनश्याम चावला के निधन भाजपा के प्रदेश सह संगठन महामंत्री हितानन्द शर्मा, जबलपुर सांसद राकेश सिंह, सम्भागीय संगठन मंत्री शेलेन्द्र बरुआ सहित सभी उपस्थित भाजपा नेताओं ने श्री चावला के निधन पर शोक व्यक्त किया। इससे पहले खबर मिलते ही प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने घनश्याम चावला के निधन पर शोक व्यक्त किया। प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा एवं केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने इसे अपूर्णीय क्षति बताया। जिलाध्यक्ष, विधायक संजय सत्येंद्र पाठक, संदीप जायसवाल, प्रणय पांडे, पूर्व जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, विजय शुक्ला, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, जिला महामंत्री सतीश तिवारी, चमनलाल आनंद ने कटनी भाजपा सहित जिले के समाजसेवा के क्षेत्र में इसे कभी पूरी नहीं होने वाली रिक्तता बताया। दुख की घड़ी में शोकाकुल भाजपा के कार्यकर्ता स्व. चावला को अंतिम विदाई देने के लिए पहुंचे, यहां जिलाध्यक्ष की ओर से पार्थिव देह पर भाजपा ध्वज अर्पित किया गया। जिला पदाधिकारी मृदुल द्विवेदी, दीपक टण्डन, सूर्यकांत गौतम, अम्बरीष वर्मा ने भाजपा का ध्वज परंपरानुसार दिवंगत की देह पर अपर्ण कर सम्मान दिया।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | - | 150/- |
| 3 दिन | - | 250/- |
| 7 दिन | - | 500/- |
| 15 दिन | - | 1200/- |
| 30 दिन | - | 1800/- |

साईज- 5x1
आवश्यकता, खरीदना-बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोन:- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

## शादी का झांसा देकर विक्षिप्त युवती से बलात्कार

**कटनी।**

एक मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला को शादी का झांसा देकर बलात्कार करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दुराचारी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार बहोरीबंद थाना में क्षेत्र की एक 40 वर्षीय महिला 10 सितम्बर को रिपोर्ट दर्ज कराई कि ब्यौहार मोहल्ला बहोरीबंद निवासी 45 वर्षीय पप्पू उर्फ राजेश कुमार श्रीवास्तव ने पत्नी बनाने का झूठा झांसा देकर उसके साथ बलात्कार करता था। पुलिस को उसके परिजनों ने बताया कि महिला की मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं है वह बीमार है जबकि महिला ने घटना 24 मार्च की बताई है। बहोरीबंद पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध धारा 376(2)एच, 376(2)एल, 376(2)एन, 506 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**आरोपी गिरफ्तार, जेल गया**

## एक साल से बंद है अग्रसेन पार्क घंटाघर की लाइट

**कटनी।**

श्री अग्रसेन महाराज अग्रसेन उद्यान घंटाघर मंदिर में विगत 1 साल से लाइट बंद है। पार्क की लाइट बंद होने की वजह से यहां शाम के समय घोर अंधेरा छाया रहता है। नगर निगम प्रशासन की अनदेखी के चलते पार्क में अब तक लाइट चाल नहीं की गई है। कई बार इस मामले को लोगों ने संज्ञान में लाया गया लेकिन जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नहीं दिया गया। क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने कमिश्नर का ध्यान इस ओर दिलाया है।

# उमरियापान के समीप युवक की धारदार हथियार से हत्या

## सड़क पर मिली खून से लथपथ लाश, हत्या के कारणों का खुलासा नहीं, वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए अज्ञात युवक



एसडीओपी ने किया मौके का मुआयना, पुलिस ने शुरू की जांच

**कटनी/उमरियापान, यशभारत। उमरियापान के समीप किन्हीं अज्ञात लोगों ने एक युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। इस घटना से पूरे क्षेत्र में हड़कम्प मच गया।**



पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार उमरियापान से 5 किलोमीटर दूर डूंडी गांव के मुख्य तिराहा से पहले तालाब की मेड़ से डूंडी गांव जाने वाली सड़क पर खून से सनी सुरेश पिता सुखलाल आदिवासी 42 वर्ष डूंडी निवासी की लाश कल शाम साढ़े 7 बजे ग्रामीणों ने पड़ी देखी।

जिसकी सूचना ग्रामीणों ने उमरियापान पुलिस को दी। हत्या की सूचना मिलते ही मौके पर स्लीमनाबाद एसडीओपी मोनिका तिवारी और उमरियापान थाना प्रभारी गणेश प्रसाद विश्वकर्मा पुलिस स्टाफ के साथ पहुंचे। जांच पड़ताल के बाद मृतक का शव पुलिस ने उमरियापान अस्पताल पहुंचाया गया।

### शाम 6 बजे घर से खेत के लिए निकला था युवक

ग्रामीणों ने बताया की सुरेश आदिवासी 42 वर्ष डूंडी गांव अपने घर से रोजाना शाम 6 बजे खेत आया करता और एक घंटे बाद खेत से बने 500 मीटर दूर हनुमान मंदिर पूजा अर्चना करने जाता था। सुरेश की हत्या खेत से मंदिर जाते समय की गई है या मंदिर से वापस आते समय की गई है उमरियापान पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। पुलिस ने कल रात को ही कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में ले लिया है और पूछताछ कर रही। आज सुबह 11 बजे मृतक युवक का शव परीक्षण के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया है।

### इनका कहना है

उमरियापान से पास डूंडी गांव के मुख्य तिराहा से पहले तालाब की मेड़ से डूंडी गांव जाने वाली सड़क एक युवक की धारदार हथियार से अज्ञात लोगों ने हत्या की है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हैए जल्द ही हत्या का खुलासा किया जाऐगा।

**-गणेश प्रसाद विश्वकर्मा, थाना प्रभारी उमरियापान**

# पड़ोस के रोगी के भी काम नहीं आई 108



तपस्या की एम्बुलेंस ने मरीज को समय पहुंचाया अस्पताल

**कटनी/कैमोर।** राज्य शासन द्वारा गंभीर रूप से बीमार या किसी दुर्घटना में जख्मी हो जाने वाले व्यक्तियों को जल्द से जल्द नजदीकी अस्पताल तक पहुंचाने के लिए 108 एम्बुलेंस की सेवा प्रारंभ की थी, पर अब यह सेवा दम तोड़ती नजर आ रही। जरूरत पड़ने पर 108 एम्बुलेंस का स्टाफ वाहन खराब होने की बात कहकर असमर्थता जता देता है और फिर रोगी के परिजनों को एम्बुलेंस वाहन के लिए भटकना पड़ता है। ऐसा ही एक गंभीर मामला कल कैमोर में सामने आया जहां अपने पड़ोस के रोगी के लिए भी 108 एम्बुलेंस कोई काम नहीं आई वह तो तपस्या ग्रुप द्वारा संचालित एम्बुलेंस की व्यवस्था तत्काल हो गई वरना रोगी की जान बचाना भी मुश्किल हो जाता। प्राप्त जानकारी के अनुसार कैमोर में 108 एम्बुलेंस वाहन के स्टाफ के लिए पुराने सरकारी अस्पताल के समीप एक शासकीय आवास आवंटित है। 108 का तकनीकी सहायक और चालक इसी आवास में रहते हैं। आवास के सामने ही 108 वाहन खड़ा रहता है। कल शनिवार की दोपहर शासकीय आवास के पड़ोस में ही रहने वाली ललित रजक नामक एक महिला की तबियत ज्यादा खराब हो गई। महिला निर्धन परिवार की हैं, उसकी देखरेख करने वाला भी कोई नहीं है। ललिता रजक को तत्काल विजयराघवगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाना था। पड़ोसियों ने बगल में रहने वाले 108 वाहन के चालक से महिला को अस्पताल ले जाने के लिए सम्पर्क किया तो उसने वाहन खराब होने की बात कहकर अपनी असमर्थता जता दी। तब पत्रकार राजेश चक्रवर्ती द्वारा तपस्या ग्रुप के मनीष नवैत से संपर्क किया गया। मनीष तुरंत तपस्या का एम्बुलेंस वाहन लेकर मौके पर पहुंच गए और बीमार महिला ललिता रजक को स्वयं एम्बुलेंस वाहन तक पहुंचाने में मदद की। तपस्या की एम्बुलेंस से महिला को विजयराघवगढ़ पहुंचाया गया जहां उसका उपचार शुरू हुआ। अगर समय पर तपस्या की एम्बुलेंस नहीं मिली होती तो बीमार महिला का ईलाज समय पर नहीं होता। उसका जीवन भी खतरे में पड़ सकता था।



### 6 महीने से बिगड़ा है 108 वाहन

108 वाहन के चालक ने बताया कि वाहन के टायर खराब हो चुके हैं। वाहन 6 महीने से बिगड़ा खड़ा है। कई बार सूचना दिए जाने के बाद भी ठेकेदार द्वारा मरम्मत नही कराई गई। कल इस विवाद के बाद कैमोर के 108 वाहन को स्थायी रूप से सूची से अलग कर दिया गया है।

# कैमोर पुलिस के हाथ लगा वाहन चोर गिरोह

## दो मोटर सायकल जप्त, पुलिस ने शुरू की पूछताछ




**कटनी।** कैमोर पुलिस ने बाइक चोरी के आरोप में एक नाबालिग सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से चोरी की दो मोटर सायकल बरामद की गई हैं। कैमोर थाना प्रभारी अरविंद जैन के मुताबिक बीतीरात्रि मुखबिर की सूचना पर अपरलाइन रेलवे कॉलोनी शक्ति धाम मंदिर के पास थाना सिविल लाइन जबलपुर निवासी 18 वर्षीय साहिल मारवे को कैमोर में पकड़ा। उसके पास से एक नई बिना नंबर प्लेट की मोटरसायकल जप्त की गई। इंजन नंबर और चेसिस नंबर के आधार पर मोटरसाय कल एम.पी.21एमएम-6953 बीती 27 अगस्त को खितौली रोड बरही से चोरी करना स्वीकार किया। उक्त आरोपी के साथ पकड़े गए एक अन्य नाबालिग आरोपी से 31 अगस्त को बरही बस स्टैंड से चोरी की गई एक मोटरसायकल जप्त की गई। शातिर मोटरसायकल चोरों ने बताया कि वह मास्टर चाबी से कुछ मिनटों में ही मोटरसायकल को चोरी कर एक जिले से दूसरे जिले में जाकर बेंच देते हैं और अपनी शौक जरूरतों को पूरा करते हैं।

## इंदौर में धोखाधड़ी का आरोपी कैमोर से गिरफ्तार, क्राइम ब्रांच की टीम पकड़ कर ले गई

**कटनी।**

क्राइम ब्रांच इंदौर की टीम ने 420 के प्रकरण में कैमोर से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने बताया कि शनिवार को इंदौर की टीम कैमोर पहुंची और आरोपी की पतासाजी के लिए कैमोर पुलिस को लगाया गया। कैमोर टीआइ अरविंद जैन ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के निर्देश पर कैमोर पुलिस ने पूरी मदद की। टीम ने कैमोर निवासी 24 वर्षीय ओंकार शिंदे को गिरफ्तार कर ले गई है। आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज है।

# सिंगरौली रेलखंड पर स्थापित हुआ आईबीएस सिस्टम

## सेक्शन क्षमता में वृद्धि के साथ बढ़ेगी ट्रेनों की स्पीड, समय की होगी बचत

**कटनी।** रेलवे द्वारा इंटरमीडिएट ब्लॉक सिगनलिंग व्यवस्था से डबल लाइन सेक्शन पर रेलखंड क्षमता बढ़ाने के लिए की जा रही है। इस व्यवस्था से आईबीएस एक लंबी रेल खंड को दो खंडों में विभाजित कर ज्यादा रेल गाडिया चलाई जा सकती हैं। पश्चिम मध्य रेल ने 2 नए आईबीएस स्थापित कर दिए गए हैं। जिनमे जबलपुर मण्डल के बगरातवा-गुरमखेड़ी एवं कटंगीखुर्द-सलहना रेलखण्डों में 2 आईबीएस स्थापित किए गए हैं। इससे इन खंडों के सेक्शन क्षमता में वृद्धि होगी एवं ट्रेनों की स्पीड भी बढ़ेगी। आईबीएस में ब्लॉक इंस्ट्रूमेंट की आवश्यकता नहीं होती है, न ही स्टेशन मास्टर और ऑपरेटिंग स्टाफ की आवश्यकता होती है। जिससे ब्लॉक इंस्ट्रूमेंट, स्टेशन बिल्डिंग और ऑपरेटिंग स्टॉप पर होने वाले खर्च की बचत होती है। यह पूर्णतः इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम पर आधारित है। आईबीएस प्रणाली रेलगाड़ियों की निकटता को कम से कम करती है और ट्रेन की गति को बढ़ाती है, जिससे समय की बचत होती है।



## मकान विक्रय के नाम पर सवा लाख की ठगी

**कटनी।** कुठला पुलिस ने मकान विक्रय का इकरार करके रजिस्ट्री करने से मुकरने वाले पति-पत्नी के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह के मुताबिक शिवनगर निवासी 63 वर्षीय उमेश पिता सुरेन्द्र शुक्ला के द्धारा शिकायत दर्ज कराई गई। जिसमें उसने शिवनगर निवासी सुग्रीव पटेल व उसकी पत्नी नीतू पटेल पर मकान विक्रय के नाम पर 1 लाख 20 हजार रूपए की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया। शिकायतकर्त्ता के मुताबिक सुग्रीव पटेल व उसकी पत्नी नीतू पटेल ने मकान विक्रय के नाम पर उससे 1 लाख 20 हजार लेकर इकरारनामा कर लिया और फिर बाद में रजिस्ट्री करने से मुकर गए। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी पति-पत्नी के विरूद्ध धारा 420, 406, 467, 468, 471, 506, 120बी, 34 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।


यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

**सिटी मॉल बरही रोड में**

राजनेता जयललिता के जीवन पर आधारित फिल्म





रोजाना 3 शो
ता. 10 से
दोपहर 12.30,3.30 एवं 6.30 बजे से
कलाकार- कंगना रणावत, अरविंद स्वामी, भाग्यश्री, मधु आदि।

थलाइवी (हिन्दी में)

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

**सिटी मॉल बरही रोड में**

हालीवुड की हॉरर फिल्म




रोजाना 3 शो
ता. 10 से
दोपहर 1,4 एवं 7 बजे से
कलाकार- एनेबल वॉलिस, जेक एबेल, जार्ज यंग, मेडी हसन आदि।

MALIGNANT (हिन्दी में)

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।




**PRE. REGISTRATION सांईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

**डॉ. स्मिता बजाज**

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

**PRE. REGISTRATION सांईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)